Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7634	10.08.2023	10.08.2023	Chittaurgarh Rajasthan	www.etvbharat.com/Hindi https://www.etvbharat.com/hindi/rajasthan/state/chittaurgarh/food-poisoning-in-kasturba-gandhi-residential-school-chittaurgarh/rj20230810082752354354641
Title:	**More than 1 dozen students fell ill due to food poisoning in Kasturba Gandhi Residential School in Chittaurgarh, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Chittaurgarh, SSU- Rajasthan			

जिले के डूंगला में स्थित कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बासी खाना खिलाने से दर्जनों बालिकाओं की तबीयत बिगड़ गई. उन्हें बुधवार सुबह का खाना बुधवार शाम को खिला दिया गया था. जिसकी वजह से एक एक करके बालिकाओं की तबीयत बिगड़ने लगी. अचानक हुए इस घटनाक्रम से विद्यालय प्रशासन में खलबली मच गई. आनन फानन में बच्चियों को डूंगला चिकित्सालय ले जाया गया. जहां 15 बच्चियों की गंभीर हालत को देखते हुए चित्तौड़गढ़ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया.

बालिकाओं का कहना था कि उन्होंनेसुबह का भोजन रात में दिए जाने का विरोध भी किया था, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई. फिर उन्हें मजबूरन सुबह का बासी खाना डिनर में खाना पड़ा. डिनर के बाद अधिकांश बालिकाओं को पेट दर्द के साथ सीने में जकड़न की शिकायत होने लगी. हालांकि अब उनके स्वास्थ्य में सुधार है, लेकिन दो तीन बालिकाओं की हालत स्थिर बताई गई है. चित्तौड़गढ़ में उनकी देखने के लिए विद्यालय के टीचर किशोर कटारा को भेजा गया.

बालिकाओं से हुई बातचीत में सामने आया कि आवासीय विद्यालय में करीब 120 बालिकाएं अएं ध्यनरत हैं. बीते बुधवार सुबह को पूरी और दाल बनाई गई थी. डिनर में भी कुक ने फिर से पूरी और दाल दे दी, जो कि सुबह में बनी हुई थी. इस बारे में जब खाना बनाने वाले के समक्ष आपत्ति जताई गई तो उन्होंने एक नहीं सुनी.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

मजबूरी में आधे से ज्यादा बालिकाओं ने डिनर में बासी खाना खा लिया जबकि अन्य ने बासी होने के कारण खाना नहीं खाया.

टीचर किशोर कटारा के अनुसार रात करीब 9:00 बजे बालिकाओं की तबीयत बिगड़ने लगी. एक के बाद एक बालिकाओं को पेट दर्द, उल्टी तथा सीने में जकड़न की शिकायत बढ़ने लगी तो प्रिंसिपल विक्रम मीणा को बालिकाओं की हालत से अवगत कराया. इसके साथ ही बीमार बालिकाओं को डूंगला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जिनमें से कुछ बालिकाओं की तबीयत ज्यादा खराब थी. उनमें से 15 बालिकाओं को देर रात हायर सेंटर चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया गया. एक के बाद एक कर चार एंबुलेंस से बालिकाओं को लेकर चित्तौड़गढ़ पहुंची. लगातार बालिकाओं के पहुंचने से हॉस्पिटल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया. यहां भर्ती बालिकाओं में सुमित्रा, अंगूरी, लीला, तारा, किरण, नीलू, कृष्णा, सावित्री, दीपिका, सृशा, सीता, तारा, पायल, लक्ष्मी और सोनू शामिल है. इनमें से दो बालिकाओं की हालत अभी स्थिर है जिन्हें सीने में जकड़न की शिकायत बताई गई.